

नवभारत
सतना, बुधवार, 20 अगस्त 2025


# किचेन में पत्नी को ऊतारा मौत के घाट, दाह संस्कार किया प्रयागराज में

## एनटीपीसी विंध्यनगर के आवासीय परिसर की घटना, पुलिस की सक्रियता से आरोपी एवं उसकी मां गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 19 अगस्त। विंध्यनगर पुलिस ने एक सनसनी खेज घटना का पर्दाफांस करने में सफल रही है। आरोपी ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर शव का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया। यह वारदात 15 अगस्त की रात 9 बजे की है।**

विंध्यनगर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर के सुनील दुबे के जरिये टेलीफोन पर सूचना मिली कि एनटीपीसी विंध्यनगर कैम्पस में दामाद निखिल दुबे रहते हैं और वे एल एण्ड टी में इंजीनियर हैं। जहां निखिल दुबे ने सुनील को बताया था कि उनकी बेटी खत्म हो गई है। सूचना पर बेटी के मायके वाले मूल निवास स्थान ईलाहाबाद जाकर पता किया तो, वहां ताला बंद मिला। इसके बाद थाना प्रभारी को सूचना दिया कि एनटीपीसी विंध्याचल के निवास स्थान पर जाकर चेक करे। वहां के आवास एनएच 1 बी 1167 में पुलिस जाकर देखी तो वहां का भी ताला बंद मिला। विंध्यनगर टीआई उक्त मामले के संबंध में एसपी मनीष खत्री को अवगत कराते हुये न्यायालय से प्राप्त सर्च वारंट के माध्यम से उक्त आवास का दरवाजा खोला गया। जहां कोई आपत्ति जनक वस्तुएं एवं गुमशुदा



या परिवार के सदस्य तलाश के दौरान नही मिले। पुलिस ने आगे जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान एल एण्ड टी के जीएम एचआर प्रभंजन के पास आरोपी निखिल दुबे ने व्हाट्सएप कॉलिंग के माध्यम से सूचना दिया था कि पत्नी की मृत्यु होने पर शंकरघाट में इलेट्रिक शवदाह गृह में मशीन से जला कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उक्त सूचना को सत्यापन के लिए विंध्यनगर थाना टीआई अर्चना द्विवेदी ने आरोपी के तलाश एवं पतासाजी के लिए पुलिस टीम रवाना की। पुलिस टीम ईलाहाबाद पहुंच सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज की तलाश एवं आरोपी निखिल दुबे के व्हाट्सएप कॉलिंग नम्बर को खंगालने में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी निखिल की मोबाईल सीडीआर प्राप्त कर मैग्जिमम कॉलिंग नम्बर वाले व्यक्तिओं एवं रिस्तेदारों से पूछतांछ कर साक्ष्य संकलन किया। इस दौरान विंध्यनगर से प्रयागराज तक पहुंचने की समस्त टोल प्लाजा से भी रिकॉर्ड एवं फुटेज एकत्रित किये गये। तब कहीं आरोपी शास्त्रीनगर से हिरासत में लिये गये। इस दौरान पुलिस ने विंध्यनगर लाकर गहन पूछतांछ की।

जहां आरोपियों ने अपना अपराध कबूल किया। वहीं बहु की हत्या कराने में आरोपी की मॉ उम्र 62 वर्ष भी शामिल रही। उक्त कार्रवाई में टीआई अर्चना द्विवेदी, उप निरीक्षक प्रियंका सिंह, पवन सिंह, एएसआई अरविन्द दुबे, पप्पू सिंह, प्रधान आरक्षक पंकज सिंह, संदीप सिंह, आरक्षक महेश पटेल, भोले लोधी, अशोक कुशवाहा, राजकुमार शर्मा का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

### पानी न देने पर पत्नी को पीट-पीट कर मारा

पुलिस ने इलेट्रिक शवदाह गृह शंकरघाट की पावती एकत्रित कर, साथ ही सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी को यूपी प्रयागराज जिले के शास्त्रीनगर से दबोचने में सफल रही। जहां आरोपी से पुलिस ने पूछतांछ की। उसने पुलिस को बताया कि पत्नी आभ्या से पानी मांगा, जहां उसने पानी नही दिया। इसके बाद दोनों में कहा सूनी हुई। कीचन में पहुंच झापड़ एवं मुक्का से मारपीट करते हुये उसके सिर को प्लेटफॉर्म पर पटक कर हत्या कर दिया। इस दौरान उसकी मॉ दुरेदेश्वरी देवी मानने से मना नही की, बल्कि शव को ठिकाने लगाने के लिए अंतिम समय तक सहयोग करती रही एवं सम्पुण साक्ष्य को नष्ट कर दिया। विंध्यनगर पुलिस ने आरोपी एवं उसकी मॉ के विरूद्ध बीएनएस की धारा 103 (1) 238, 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### शव को कम्बल में लपेट कर ले गया था प्रयागराज

एल एण्ड टी का इंजीनियर आरोपी शातिर निकला। जहां उसने अपनी पत्नी आभ्या के शव को कम्बल में लपेट कर कार के पीछे के सीट पर डाल दिया और सीसीटीव्ही से बचने के लिए शातिर दिमाग वाले इंजीनियर ने कार के कांच में पर्दा लगा रखा था। प्रयागराज के शंकरघाट पहुंच इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में अंतिम संस्कार कर राख व फूल गंगा नदी में प्रभावित कर अपने परिजनों को सूचित कर अपना फोन नम्बर बंद कर दिया। पुलिस ने आरोपी एवं उसकी मॉ को हिरासत में ली और गहन पूछतांछ की और वहां के फुटेज को भी जप्त किया। पुलिस ने चन्द दिनों में ही उक्त अंधी हत्या की गुत्थी को सुलझाने में सफलता हासिल की है।

### बिलख-बिलख कर रो रही मासूम बेटी

जानकारी के अनुसार मृतक की छः साल की बेटी है। जहां अब वह अपनी मॉ से हमेशा-हमेशा के लिए बिछुड़ गई। वही पिता एवं दादी जेल चले गये। बच्ची को पुलिस ने बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर विधिक निवास स्थान में रखा जाएगा। उधर छः साल की मासूम बेटी अपनी मॉ को तलाश कर बिलख रही है।

### इनका कहना :-


पत्नी की हत्या कर शव को प्रयागराज ले जाकर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किया। इस दौरान उसने साक्ष्य भी मिटाया है। आरोपी एवं उसकी मॉ को शास्त्रीनगर से हिरासत में लेकर पूछतांछ की गई। जहां आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। दोनों आरोपी मॉ-बेटा को गिरफ्तार किया गया है।

अर्चना द्विवेदी
टीआई, थाना विंध्यनगर

---

### एक नजर में

#### 21 जब्त वाहनों पर लगा 2 लाख 22 हजार रुपए का जुर्माना



**सिंगरौली।** जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने पिछले दिनों वाहनों के जांच पड़ताल के दौरान 21 वाहनों को जप्त किया था। जहां उक्त वाहनों पर 2 लाख 22 हजार 700 रूपये का जुर्माना वसूल किया है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी लगातार अभियान के रूप में वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे हैं। बिना परमिट एवं रजिस्ट्रेशन तथा दस्तावेज के साथ न मिलने पर वाहनों को जप्त कर कार्रवाई कर रहे हैं। पिछले दिनों परिवहन अधिकारी ने 21 वाहनों को जप्त करते हुये 2 लाख 22 हजार रूपये का जुर्माना वसूल कर प्रदेश सरकार के राजस्व खाते में जमा कराया है।

#### एयरटेल टॉवर से 38 मीटर पावर केबल चोरी, नेटवर्क ठप

**शक्तिनगर।** बीती देर रात 2:30 से 3 बजे के बीच अंबेडकर नगर ब्लॉक-बी स्थित एयरटेल टॉवर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग 38 मीटर लंबा पावर केबल चोरी कर लिया। इस घटना से टॉवर की पूरी नेटवर्क सप्लाई ठप हो गई और हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। चोरों के केबल काटते ही टॉवर बंद हो गया, जिसकी सर्वर पर अलर्ट दिखाई दिया। इसकी जानकारी मिलते ही तकनीशियन मनोज मिश्रा मौके पर पहुँचे। इस बीच टॉवर पर तैनात सुरक्षा गार्ड धर्मेंद्र मिश्रा ने भी शोर मचाया, जिसके बाद वहां मौजूद 2 से 4 की संख्या में चोर मौके से भाग निकले। टॉवर से जुड़े 7 पेयर और 1 बीटीएस के बंद हो जाने से लगभग 4,500 मोबाइल उपभोक्ता प्रभावित हुए। खासतौर पर 5जी नेटवर्क पूरी तरह से बंद हो गया।

---



# कबाड़ सामग्रियों के बेचने का मामला ठण्डे बस्ते में

## जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में रोगी कल्याण समिति से टीन सेड निर्माण में गोलमाल एवं कबाड़ सामग्री बिक्री करने के नाम पर लाखों रूपये के हुये गोलमाल करने का मामला ठण्डे बस्ते में चला गया। जबकि जिला चिकित्सालय में इन दिनों उक्त मामले को लेकर तरह-तरह की खूब चर्चाएं हो रही हैं।**

गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में पुराने तीन जनरेटरों एवं आधा सैकड़ा से अधिक सोलर पैनल बैट्री समेत अन्य सामग्रियों को कबाड़ के आड़ में बिक्री कर दिया गया। हालांकि इसके लिए निविदा निकाली गई थी, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि सिविल सर्जन एवं उनके चहेता ऑपरेटर ने पर्दा के पीछे बड़ा खेला किया है। चर्चाएं है कि ठेकेदार से सांठगांठ कर सरकारी रिकार्ड में कबाड़ बिक्री का मात्रा कम दिया गया और मामला नकद नारायण में निपटा दिया गया है। सूत्रों की बात माने तो इसमें लाखों रूपये का वारान्यारा किया गया है। सबसे ज्यादा तीन जनरेटरों, आधा सैकड़ा से अधिक सोलर पैनल बैट्री में खेला हुआ है। मामला सामने आने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन रफा-दफा कराने में पूरा जोर अजमाइस लगा दी है। जिसके चलते जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन के साथ-साथ सीएमएचओ दफ्तर का ऑपरेटर श्रवण पटेल जमकर किरकिरी करा रहे हैं। वही यहां बताते चले कि जिला चिकित्सालय परिसर में पिछले कुछ महीने पहले टीन सेड का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन एक हवा के झोखे में ही सेड क्षत-विक्षत हो गया। चर्चा है कि उक्त निर्माण कार्य कमिशनखोरी के भेंट चढ़ गया। फिलहाल उक्त मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिये जाने पर करीब 10 दिन बाद सेवानिवृत्त होने जा रहे सिविल सर्जन के कार्यप्रणाली पर हमेशा होती रहेगी।

---

### युवक का खेत में मिला शव, हत्या की आशंका

**सिंगरौली 19 अगस्त (एनबीएन)।** निगरी चौकी क्षेत्र में एक युवक का खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देखकर सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर हत्या के संबंध में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक छोटे लाल साकेत पिता बुद्धसेन साकेत निवासी निगरी उम्र 38 वर्ष का शव खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई।

---

# मास्टर बच्चों के साथ करता है मारपीट, कलेक्टर ने लिया संज्ञान

## दोपहर में ही डीपीसी पहुंचे धुम्माटोला धनहरा, शिक्षक मिले गैरहाजिर, विद्यालय में मिली कई खामियां

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। बैढ़न विकास खण्ड के धुम्माटोला धनहरा के शिक्षक पर बच्चों ने मारपीट करने का आरोप लगाया। जहां कलेक्टर ने उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुये तत्काल डीपीसी को विद्यालय भेजा। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक दुरेश प्रसाद विश्वकर्मा गैरहाजिर हुये।**

दरअसल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक पाठशाला धुम्माटोला में पदस्थ शिक्षक दुरेश प्रसाद विश्वकर्मा पर आरोप लगाते




हुये कलेक्टर के यहां शिकायत की गई थी कि शिक्षक बच्चों के मारपीट कर अभद्रता करते हैं। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने मामले को संज्ञान में लेते हुये तत्काल डीपीसी आरएल शुक्ला को धुम्माटोला विद्यालय रवाना किया। बताया जाता है कि डीपीसी विद्यालय पहुंच औचक निरीक्षण की। जिसमें अपहान्य 3 बजे विद्यालय के शिक्षक दुरेश प्रसाद गैरहाजिर मिले। हालांकि अन्य शिक्षक उपस्थित थे। जांच के दौरान विद्यालय में मची भर्रेशाही का जांच प्रतिवेदन डीपीसी ने कलेक्टर को भेज दिया है।

### चावल व आलू की सब्जी से पेट भर रहे नौनिहाल

डीपीसी के निरीक्षण के दौरान पता चला कि एमडीएम में मेनू का पालन नही किया जा रहा है। आज चावल, आलू की सब्जी पड़ोसी गई थी। वही नौनिहाल छात्रों से भी पूछतांछ की गई। जहां शिक्षक की कई खामिया मिली हैं। इस दौरान पीएलएन का समय चक्र एवं अभ्यास कार्य नही पाया गया और न ही किसी ने उसे चेक किया है। इसके अलावा आकास्मि निधि की राशि का आहरण संस्था प्रभारी के द्वारा किया जाकर किसी भी प्रकार की कोई भी कार्य नही कराया गया है। निरीक्षण में यह भी चौकाने वाले बात समाने आया है कि कर्मचारी उपस्थिति पंजी में माह जुलाई में नाम नही लिखा गया है और न ही उपस्थिति दर्ज है। इसी माह में 7 से 14 अगस्त तक उपस्थिति दर्ज है।

---

# एनटीपीसी ने सतर्कता जागरुकता के लिए तीन महीने के अभियान की शुरुआत की

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 19 अगस्त। एनटीपीसी लिमिटेड ने स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में अपने तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर का शुभारंभ किया।**

इस अभियान का उद्घाटन मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा, एनटीपीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न स्थानों के सतर्कता अधिकारियों की उपस्थिति में किया। सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर जोर देते हुए सीवीओ ने सभी सतर्कता अधिकारियों से केंद्रीय सतर्कताआयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित



करने का आग्रह किया। लंबित शिकायतों और मामलों का समय पर निपटान, आईजीओटी कर्मयोगी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रभावी परिसंपत्ति प्रबंधन और बेहतर पारदर्शिता के लिए डिजिटल पहल को मजबूत करना। उन्होंने व्यापक प्रभाव के लिए सभी हितधारकों-कर्मचारियों, विक्रेताओं और जनता को शामिल करने और नाटकों, क्विज वीडियो, जिंगल और विक्रेता बैठकों के माध्यम से रचनात्मक पहुंच को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

---



# एसडीएम ने बगैया स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 19 अगस्त।** स्थानीय ब्लॉक के बगैया में स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र का एसडीएम सुरेश जाधव ने चितरंगी सीबीएमओ डॉ. हरिशंकर बैस के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं साफ-सफाई एवं दवाईयों की उपलब्धता का जायजा लेते हुये समीक्षा किये। एसडीएम ने कहा कि मरीजों को दवाईयों का भरपूर लाभ मिले और उनकी देखभाल में कमी न हो।

---

# शिविर में महिलाओं व युवतियों को किया गया जागरुक

## बैगा बस्ती जयंत में मिशन शक्ति अंतर्गत एक दिवसीय जागरुकता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। बैगा बस्ती जयंत में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के निर्देशन में मिशन शक्ति हब अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में महिलाओं तथा बालिकाओं को पोषण तथा स्वास्थ्य शिक्षा, तनाव प्रबंधन, कौशल विकास, साइबर सुरक्षा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मीनाक्षी




शुक्ला प्रभारी मिशन समन्वयक हब, हार्टफुलनेस फाउंडेशन से रेवती, मंजू सिंह बालिका गृह, अंशिका खरे ओएसई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू सिंह, सहायिका संजू सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था व्यायाम और ध्यान के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।

---

### सहायक आयुक्त को मिला स्थापना सहित अन्य का अतिरिक्त प्रभार

**सिंगरौली 19 अगस्त (एनबीएन)।** नपानि सिंगरौली में पदस्थ सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी को नवागत



निगमायुक्त सविता प्रधान ने स्थापना, स्वास्थ्य अधिकारी, एसबीएम नोडल अधिकारी, जन कल्याण कारी योजनाओं एवं जनसंपर्क अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौपा है। निगमायुक्त ने उक्त आदेश आज जारी किया है।

---

# ओबीसी की बैठक में 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर जोर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। अपना दल एस म.प्र. में संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को गति देने के लिए लगातार सक्रिय है।**

अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने सीधी और सिंगरौली में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रघुनन्दन पटेल ने की, जबकि सिंगरौली बैठक की अध्यक्षता त्रिलोकी सिंह ने की। बैठक में प्रदेश प्रभारी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन, पूर्व



जिला अध्यक्ष सतना डीपी पटेल, कार्यवाहक प्रदेश सचिव राजेश पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग दोहराई और कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। प्रदेश प्रभारी ने कहा अपना दल एस सामाजिक न्याय और हक की लड़ाई लड़ रही है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए हम हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे। वही सदस्यता अभियान को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

---

# काश्तकार ने पटवारी पर लगाया 10 हजार रिश्वत लेने का आरोप, जनसुनवाई में की गई शिकायत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। माड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी एक कास्तकार ने हल्का पटवारी पर जमीन विभाजन कराने के एवज में 10 हजार रूपये का रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुये कलेक्टर के जनसुनवाई में शिकायत किया है।**

ग्राम पड़री निवासी शोभनाथ पनिका पिता रामऔतार पनिका ने कलेक्टर के जनसुनवाई में शिकायत किया कि पटवारी के यहां विभाजन एवं वटनवारा के लिए कागजात जमा किया था। जहां पटवारी ने उक्त कार्य करने के एवज में 10 हजार रूपये ले लिया, लेकिन आज तक कार्य नही किया है और अब फोन भी रिसिव नही कर रहा है।

**पीएम आवास में 35 सौ रूपये नजराना लेने का आरोप:-** जनपद बैढ़न क्षेत्र के ग्राम चितरबई कला निवासी माती लाल सिंह खैरवार ने कलेक्टर के यहां आज शिकायत किया कि सचिव द्वारा पीएम आवास की राशि में 35 सौ रूपये डकार लिया है और अब राशि मांगे जाने पर तरह-तरह की धमकियां दी जाती है।

---

# निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सविता

## नगर निगम आयुक्त ने की नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा, पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 अगस्त। नगर पालिक निगम सिंगरौली की नवागत आयुक्त सविता प्रधान ने कार्यपालन यंत्री सहित सहायक एवं उपयंत्रियों की बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो, पेय जल आपूर्ति, पीएमजेवाई की विस्तार से समीक्षा की।**

निगमायुक्त ने सर्व प्रथम नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुयें संबंधित जोनों के सहायक एवं उपयंत्रियों के निर्माण कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ननि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे हो, इसकी जिम्मेदारी आप सब पर होगी। निर्माण कार्यो के में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। निगमायुक्त



ने शहर में पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में निवासरत प्रत्येक परिवार को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति, वितरण प्रणाली और गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री प्रदीप चडार, सहायक आयुक्त एचएम श्रीवास्तव, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, एसएन द्विवेदी, प्रवीण गोस्वामी, दिनेश तिवारी, अभय राज सिंह, डीके सिंह, आलोक टीरू, उपयंत्री शिवानी गर्ग, विशाल खत्री मौजूद रहे।

### पीएम आवास की समीक्षा, अधिकारियों को कड़े निर्देश

प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा करते हुये संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा आवास की राशि प्राप्त करने के बावजूद भी आवास का निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है, उनको आवास निर्माण के लिए समझाइस देने के साथ ही उन्हे अवगत कराये कि आवास का निर्माण नही करने पर जारी की गई राशि को आपके चल-अचल सम्पत्ति को कुर्क कर वसूल करने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक के अंत में निगमायुक्त ने सभी सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियो को निर्देशित किया कि सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का शिकायतकर्ता से समन्वय बनाकर उन्हे बंद करने की कार्यवाही करे।

CMYK